(5)

## पात्रता पर्ची के लिए आवेदन

रतलाम। कोविड संक्रमण के कारण लाकडाउन अवधि में गरीब परिवारों की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु पात्रता पर्चीविहीन/छूटे हुए गरीब परिवारों को खाद्यान्न वितरण हेतु अस्थायी पर्ची बनाने के लिए अब तक नागरिकों ने निगम के जोन क्रमांक एक पर 938, जोन क्रमांक दो पर 1008, जोन क्रमांक तीन पर 1157 व जोन क्रमांक चार पर 1333 इस तरह कुल 4436 आवेदन जमा कराए।

**बदलाव** | **प्रक्रिया नए जुड़ रहे पात्रता पर्ची धारकों के लिए अनिवार्य**

# अब हितग्राही के मोबाइल पर आए ओटीपी से मिलेगा राशन

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। जिले के सभी राशन कार्ड व पात्रता पर्ची धारकों को हर महीने मिलने वाला राशन अब बायोमेट्रिक की जगह मोबाइल ओटीपी और आइरीस आथेन्टिकेशन के जरिए मिलेगा।

जिले में यह प्रक्रिया अभी नए जुड़ रहे पात्रता पर्ची धारकों के लिए अनिवार्य कर दी गई है। बाद में सभी के लिए लागू हो सकती है। कोरोना महामारी में संक्रमण से सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह बदलाव किया गया है। जिले में अभी तक 651 नए नाम जोड़े गए हैं, जिन्हें तीन महीने का राशन निशुल्क मिलेगा।

सभी शासकीय उचित मूल्य दुकानों में राशन सामग्री का वितरण मोबाइल ओटीपी अथेन्टिकेशन से ही किया जाएगा। जिले के राशन प्राप्त कर रहे लोगों को आधार कार्ड से जुड़े मोबाइल नंबर पर ओटीपी भेजा जाएगा। कार्ड धारक व पात्रता पर्ची धारकों को सामग्री प्राप्त करने के लिए, अपने आधार कार्ड को मोबाइल नंबर से जोड़ना होगा। जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी एचएस चौधरी ने बताया कि नए नाम जोड़ रहे हैं। उन्हें तीन महीने का राशन ओटीपी के माध्यम से मिलेगा, जिसकी प्रक्रिया चल रही है।

### राशि का भुगतान कराने का अनुरोध

रतलाम। आदिम जाति कल्याण विभाग सैलाना-बाजना में करीब 3000 अध्यापकों को आज तक सातवें वेतनमान की दूसरी किस्त और सातवें वेतनमान के पांच महीने की डिफरेंस राशि नहीं मिली है। इससे अध्यापकों में आक्रोश उपज रहा है। सभी ने कलेक्टर से राशि का भुगतान कराने का अनुरोध किया है।

उक्त राशि मध्यप्रदेश में रतलाम जिले में सभी को मिल चुकी है। केवल आदिम जाति कल्याण विभाग सैलाना-बाजना के अध्यापकों की सातवें वेतनमान की किस्त बाकी है। आदिम जाति कल्याण विभाग के प्रभारी एमएल आर्य से कई बार इस संबंध में मांग की जा चुकी है।

मध्यप्रदेश शासकीय अध्यापक संगठन के उज्जैन संभाग के कार्यकारी अध्यक्ष देवेंद्र वाघेला, संभागीय सचिव गणेश मालवीय, संभागीय प्रवक्ता शांतिलाल झाला, मंगलेश देराश्री, कमलेश नड़ोदिया, प्रीति मूले, प्रीति गोठवाल, माया मेहता, अनीता सिसौदिया, पुखराज पांचाल, निशा कोठारी, शिल्पा गोयल, लक्ष्मण अमलियार, मोतीलाल मईड़ा, ईश्वर मईड़ा, रामलाल डामर, गोवर्धन डामर, वंदना वामनिया, आरती कौशिक, मनीषा मालवीय, प्रगति शर्मा, हंसा चौहान, कविता चंद्रावत, बृजपालसिंह राठौर, प्रभुलाल मईड़ा, सारिका चौहान, टीना यादव, अमृतलाल कटारिया आदि सदस्यों ने समय पर तृतीय किस्त व सातवें वेतन की डिफरेंस राशि देने की मांग संबंधित अधिकारी व कलेक्टर से की है। इस संबंध में प्रभारी मंत्री मोहन यादव को भी पत्र लिखा गया है।

नई दुनिया
30-5-2021

10

### सीएम की बैठक में बनी कोरोना कर्फ्यू खोलने की गाइडलाइन

# रात दस बजे से छह बजे तक रहेगा नाइट कर्फ्यू, 6 दिन खुलेंगी दुकानें

पीपुल्स ब्यूरो • भोपाल

मो.नं. 9425174141

प्रदेश में अनलॉक की प्रक्रिया शुरू होने से पहले गाइड लाइन जारी होगी। इसके लिए गांव से लेकर भोपाल तक सभी बिंदुओं पर मंथन किया जा रहा है। रविवार की शाम अलग-अलग निर्णय लिए जाएंगे। राज्य स्तर पर तय किया गया है कि अनलॉक गाइडलाइन 5% से अधिक और 5% से कम संक्रमण वाले जिलों को लेकर बनेगी।



शनिवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 'अनलॉक' के संबंध में प्रभारी मंत्री, प्रभारी अधिकारी तथा संभाग और जिलों के अधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने बताया कि अनलॉक के संबंध में मंत्री समूहों द्वारा दी गई अनुशंसाओं को सभी क्राइसिस मैनेजमेंट समूहों को भिजवा दिया गया है। इनपर क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप चर्चा कर 31 मई को लोगों को जानकारी दे देंगे।

## स्कूल, कॉलेज, सिनेमा हॉल बंद रहेंगे

स्कूल-कॉलेज, सिनेमा हॉल व शॉपिंग मॉल बंद रहेंगे। प्रत्येक शनिवार रात 10 से सोमवार सुबह 6 बजे तक कर्फ्यू रहेगा। सरकार ने 5% ज्यादा सामाहिक संक्रमण दर वाले और इससे कम संक्रमण दर वाले जिलों के लिए अलग-अलग गाइडलाइन जारी की है। इंदौर, भोपाल, सागर व मुरैना में संक्रमण दर 5% से ज्यादा है।

## प्रतिबंध से मुक्त गतिविधियां

- समस्त प्रकार के उद्योग व औद्योगिक गतिविधियां चालू रहेंगी। इससे जुड़े अधिकारियों, कर्मचारियों और कर्मचारियों को परिचय पत्र होने पर आने-जाने की अनुमति रहेगी।
- अस्पताल, नर्सिंग होम, क्लीनिक, मेडिकल इंश्योरेंस कंपनी, स्वास्थ्य सेवाएं, पशु चिकित्सालय चालू रहेंगे।
- केमिस्ट, किराना दुकानें, राशन दुकानें, फल व सब्जी, डेयरी व दूध केंद्र, आटा चक्की, पशु आहार दुकानें पूरे दिन खुलेंगी।
- मोहल्ले, कॉलोनियों और गांव में सिंगल दुकानें पूरे समय खुल सकें+।
- कोल्ड स्टोरेज व वेयर हाउसिंग की सर्विस को अनुमति रहेगी।
- मेंटेनेंस सर्विस देने वाले जैसे इलेक्ट्रीशियन, प्लंबर, कारपेंटर, मोटर मैकेनिक, आईटी सर्विस प्रावाइडर्स के आने-जाने पर रोक नहीं होगी।
- पेट्रोल पम्प, गैस स्टेशन, रसोई गैस सर्विस पूरी तरह चालू रहेंगी।
- कृषि गतिविधियों की अनुमति रहेगी। कृषि उपज मंडी, खाद-बीज व कृषि यंत्र की दुकानें खोली जा सकेंगी।
- बैंक, बीमा कार्यालय व एटीएम खुले रहेंगे।

## इन पर रहेगा प्रतिबंध

- सामाजिक, राजनैतिक, खेल, मनोरंजन, सांस्कृतिक, धार्मिक आयोजन व मेले।
- स्कूल, कॉलेज, शैक्षणिक, ट्रेनिंग, कोचिंग संस्थान।
- सिनेमा घर, शॉपिंग मॉल, स्वीमिंग पूल, थियेटर, पिकनिक स्पॉट, ऑडिटोरियम व सभा गृह।

## शर्तों के साथ अनुमति

- धार्मिक पूजा स्थल एक समय पर 4 से अधिक नहीं रह सकेंगे।
- अधिकतम 10 लोगों के साथ अंतिम संस्कार की अनुमति रहेगी।
- विवाह कार्यक्रम में दोनों पक्षों को मिलाकर अधिकतम 20 लोगों के शामिल हो सकेंगे।
- जिला प्रशासन को अतिथियों की सूची आयोजन से पहले देना अनिवार्य होगा।
- आवश्यक सेवाएं, (कलेक्ट्रेट, पुलिस, आपदा प्रबंधन, फायर, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा, जेल।

पीपुल्स समाचार

30-5-2021

**15 दिन के लिए अनलॉक की गाइडलाइन** पूरे प्रदेश में 1 से 15 जून तक नाइट कर्फ्यू लागू रहेगा

# रविवार को लॉकडाउन रहेगा, शादी में सिर्फ 20 लोग होंगे, मेहमानों की सूची प्रशासन को पहले ही देनी होगी

- जहां साप्ताहिक पॉजिटिविटी रेट 5% से कम, वहां ढील ज्यादा
- भोपाल, इंदौर में पॉजिटिविटी रेट 5% से ज्यादा है, सीमित छूट
- धार्मिक स्थल पर एक समय में चार से अधिक व्यक्ति नहीं रहेंगे
- सिनेमाघर, मॉल, स्वीमिंग पूल, पिकनिक स्पॉट सभी जगह बंद

भास्कर न्यूज़ | भोपाल

एक जून से अनलॉक के पहले चरण की गाइडलाइन राज्य सरकार ने जारी कर दी। इसमें शादी-ब्याह की संख्या को 20 तक ही सीमित कर दिया गया है। साथ ही शर्त जोड़ी गई है कि शादी समारोह में शामिल होने वाले मेहमानों की सूची पूर्व में ही जिला प्रशासन को सौंपनी होगी। विवाह स्थल पर जांच की सुविधा मेजबान लगा सकता है। गृह विभाग ने गाइड लाइन को ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के लिए न केवल अलग कर दिया है, बल्कि साप्ताहिक पॉजिटिविटी रेट 5 प्रतिशत से कम व अधिक वाले जिलों के लिए अलग प्रतिबंधों को भी लागू किया गया है। शराब की दुकानों को खोलने का निर्णय जिला स्तर पर होगा। एक जून से ये कोविड प्रोटोकॉल के साथ खुलेंगी। इस समय सिर्फ भोपाल, इंदौर और सागर में साप्ताहिक पॉजिटिविटी रेट 5 फीसदी से ज्यादा है। इन जिलों में सीमित छूट दी जाएगी। हालांकि भोपाल में शनिवार को पॉजिटिविटी रेट 4.3 फीसदी पर पहुंच गया है। गाइड लाइन के मुताबिक 10 लोगों के साथ अंतिम संस्कार हो सकेगा। पूरे प्रदेश में रविवार को लॉकडाउन (जनता कर्फ्यू) रहेगा। यानी शनिवार रात 10 बजे से सोमवार सुबह 6 बजे तक। इसके अलावा पूरे प्रदेश में नाइट कर्फ्यू रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक जारी रहेगा। किसी स्थान पर छह से अधिक लोगों का एकत्रिकरण प्रतिबंधित होगा। ऑनलाइन क्लासेस चल सकेंगी। धार्मिक तथा पूजा स्थल पर एक समय में 4 से अधिक व्यक्ति नहीं रहेंगे।

## शहरों में क्या खुलेगा और क्या बंद रहेगा

### जहां पॉजिटिविटी रेट 5% से ज्यादा

**किराना-राशन, फल-सब्जी की 25% दुकानें सुबह खुल सकेंगी**

- सर्विस सेक्टर की संस्थाओं के साथ किराना दुकानें, राशन दुकान, फल-सब्जियां, डेयरी एवं दूध केंद्र, आटा चक्की आदि के अलावा नगरीय क्षेत्र के बाजारों की कुल दुकानें 25% खुलेंगी। सुबह जल्दी खोल सकते हैं, शाम को 6 बजे तक का प्रतिबंध होगा।
- निजी दफ्तरों में 50 फीसदी तक लोग आ सकते हैं।
- रेस्टॉरेंट एवं भोजनालय से टेक होम डिलीवरी रहेगी।
- होटल, रिसोर्ट में केवल होटल गेस्ट को अनुमति।

### जहां पॉजिटिविटी रेट 5% से कम

**किराना-राशन की दुकानें खुलेंगी रेस्टोरेंट आधी क्षमता से खुलेंगे**

- सर्विस सेक्टर की संस्थाओं के साथ किराना दुकानें, राशन दुकान, फल-सब्जियां, डेयरी एवं दूध केंद्र, आटा चक्की आदि के अलावा नगरीय क्षेत्र के बाजारों की कुल दुकानें 50 फीसदी तक खुलेंगी।
- निजी दफ्तरों में उपस्थिति 100 फीसदी होगी।
- कोविड प्रोटोकॉल के पालन के साथ निर्माण कार्य होंगे।
- रेस्टॉरेंट और भोजनालय 50 फीसदी उपस्थिति के साथ खोले जा सकेंगे।

### शहरी व ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में यह पूरी तरह बंद रहेंगे

- सामाजिक, राजनीतिक, खेल, सांस्कृतिक, धार्मिक आयोजन। मेले, स्कूल, कॉलेज, कोचिंग आदि।
- सिनेमाघर, शॉपिंग मॉल, स्वीमिंग पूल, थिएटर, पिकनिक स्पॉट, ऑडिटोरियम व सभागृह।
- अत्यावश्यक सेवाएं देने वाले कार्यालयों को छोड़कर शेष दफ्तर 100% अधिकारियों और 50% कर्मचारियों के साथ शुरू होंगे। इसके अलावा अन्य दफ्तर कलेक्टर की अनुमति से खुलेंगे।

जिन नगरीय क्षेत्रों में पॉजिटिविटी रेट साप्ताहिक 5% से अधिक है, लेकिन 15 जून के पूर्व 5 से कम हो जाती है तो उन्हें छूट मिल सकती है। जहां साप्ताहिक पॉजिटिविटी दर का साप्ताहिक औसत 5 प्रतिशत से कम है और 15 जून के पूर्व बढ़ जाता है तो प्रतिबंध बढ़ जाएंगे।

### जिलों में पॉजिटिविटी रेट 5% से कम

**प्राइवेट बसों को अनुमति, कार में ड्राइवर के साथ तीन लोग बैठ सकेंगे**

- किराना दुकानें, राशन दुकान, फल-सब्जियां, डेयरी एवं दूध केंद्र, आटा चक्की, पशु आहार की दुकान आदि पूरे दिन खुलेंगी।
- थोक सब्जियों, फल-फूल के बाजार खुले स्थानों पर लगेंगे।
- बैंक, बीमा दफ्तर और एटीएम चालू रहेंगे। बैंक, इंश्योरेंस, एनबीएफसी से जुड़े संस्थान, कैश मैनेजमेंट एजेंसी का संचालन और आवागमन होगा।
- उद्योग व औद्योगिक गतिविधियां, इससे जुड़े अधिकारी, कर्मचारी और श्रमिक वैध आईकार्ड के साथ आ-जा सकेंगे।
- सभी प्रकार के सामानों और माल की आवाजाही रहेगी।
- सार्वजनिक परिवहन, निजी बसों, ट्रेनों को अनुमति। ऑटो व ई-रिक्शा में दो सवारी, टैक्सी तथा निजी चार पहिया वाहनों में ड्राइवर के साथ दो पैसेंजर (मास्क के साथ) यात्रा कर सकेंगे।
- मोहल्लों, कॉलोनियों, ग्रामों में एकल दुकानें पूरे समय खुलेंगी।
- ई-कॉमर्स कंपनियों से तथा अत्यावश्यक वस्तुओं की दुकानों से होम डिलीवरी।
- प्रदेश के सारे नेशनल पार्क 1 से 30 जून के लिए खोले जाएंगे।

30-5-2021

**अनलॉक के लिए गाइडलाइन:** 5% से कम और अधिक संक्रमण वाले जिलों के नियम अलग

# हर रविवार रहेगा कोरोना कर्फ्यू, किराना दुकानें खुलेंगी, मॉल-सिनेमाघर अभी बंद

## जानें पूरे प्रदेश में क्या खुलेगा क्या रहेगा बंद

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** प्रदेश में 1 जून से होने वाले अनलॉक की तैयारियों को अब अंतिम रूप दिया जा रहा है। मंत्री समूहों की अनुशंसाओं को क्राइसिस मैनेजमेंट समूहों को भेज दिया गया है। 30 मई को शाम तक सभी क्राइसिस मैनेजमेंट समूह इस पर चर्चा कर अनलॉक के संबंध में लिए गए निर्णय से 31 मई को लोगाईं को अवगत कराएंगे।

शनिवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश में अनलॉक को लेकर प्रभारी मंत्री, संभाग और जिलों के प्रभारी अधिकारियों के विस्तृत चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कहा, पांच फीसदी से अधिक और कम संक्रमण वाले जिलों के लिए अलग-अलग गाइडलाइन होगी। इंदौर, भोपाल, सागर और मुरैना जिले में अभी संक्रमण दर पांच फीसदी से ज्यादा है। यदि कहीं भी संक्रमण बढ़ता है तो प्रतिबंध फिर लागू हो जाएंगे।

शनिवार शाम को गृह विभाग की ओर से जारी गाइडलाइन के मुताबिक किराना दुकानें सभी जगह खुलेंगी। सामाजिक, राजनीतिक, खेल, मनोरंजन, सांस्कृतिक, धार्मिक आयोजन और मेले प्रतिबंधित रहेंगे। स्कूल, कॉलेज, कोचिंग संस्थान भी नहीं खुलेंगे। सिनेमा घर, शॉपिंग मॉल, स्वीमिंग पूल, पिकनिक स्पॉट पर भी पाबंदी रहेगी। प्रदेश में शनिवार शाम 10 बजे से सोमवार सुबह 6 बजे तक कोरोना कर्फ्यू भी जारी रहेगा।



- राशन, दूध, सब्जी, कॉलोनियों की दुकानें सभी जगह खुल सकेंगी।
- थिएटर, स्विमिंग पूल, मॉल, पिकनिक स्पॉट पर पाबंदी रहेगी।
- स्कूल, कॉलेज भी रहेंगे बन्द। ऑनलाइन चलेंगी क्लासेस।
- धार्मिक स्थल पर एक बार में 4 से ज्यादा लोगों को अनुमति नहीं मिलेगी।
- शादी समारोह में 20 लोगों से ज्यादा की नहीं होगी अनुमति।
- अंतिम संस्कार में 10 से ज्यादा लोग नहीं हो सकेंगे शामिल।
- प्रदेश के गांव को भी बांटा गया रेड, येलो और ग्रीन जोन में।
- परिवहन भी किया गया कोविड-19 की गाइडलाइन के तहत शुरू।

### इन गतिविधियों को दी छूट

- उद्योग एवं औद्योगिक गतिविधियां चालू रहेंगी। उद्योग से जुड़े अधिकारी, कर्मचारियों, श्रमिकों को वैध आइडी कार्ड के साथ आने-जाने की अनुमति। कच्चा माल, तैयार माल के आवागमन पर रोक नहीं होगी।
- अस्पताल नर्सिंग होम, क्लीनिक, मेडिकल इंश्योरेंस कंपनी, अन्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सेवाएं, पशु चिकित्सा अस्पताल चालू रहेंगे। केमिस्ट, राशन दुकानें, फल-सब्जियां, डेयरी व दूध, आटा चक्की, पशु आहार की दुकानें पूरे दिन खुली रखी जा सकेंगी।
- पेट्रोल, डीजल पंप, गैस एजेंसी, रसोई गैस सेवाएं पूरी तरह से चालू रहेंगी। बैंक, बीमा कार्यालय और एटीएम चालू होंगे। प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया व केबल ऑपरेशन्स को अनुमति रहेगी।
- सार्वजनिक परिवहन, निजी बसों, ट्रेनों के माध्यम से कोविड-19 के दिशा-निर्देशों के अंतर्गत अनुमति रहेगी। ऑटो, ई-रिक्शा में दो सवारी, टैक्सी व निजी चार पहिया वाहनों में ड्राइवर व दो पैसेंजरों की यात्रा की अनुमति।
- कोल्ड स्टोरेज एवं वेयर हाउसिंग की सर्विसेज को अनुमति होगी। पूरे प्रदेश में ई-कॉमर्स के साथ अत्यावश्यक वस्तुओं की दुकानों से होम डिलेवरी होगी।
- थोक सब्जियां, फल, फूल के बाजार के लिए जिला प्रशासन द्वारा नियत खुले स्थानों पर चल सकेंगे।
- इलेक्ट्रीशियन, प्लंबर, कारपेंटर, मोटर मैकेनिक, आइटी सर्विस प्रोवाइडर आदि के आवागमन पर रोक नहीं होगी। परीक्षा केन्द्र आने-जाने वाले परीक्षार्थी आ-जा सकेंगे।

### ज्यादा-कम संक्रमण दर वाले जिलों में

**प्रतिबंध से मुक्त गतिविधियां (नगरीय क्षेत्र)**

| गतिविधि | 5% से अधिक संक्रमण | 5% से कम संक्रमण |
|---|---|---|
| बाजार की दुकानें | 25% से अधिक नहीं | 50% से अधिक नहीं |
| निजी कार्यालय | शाम 6 बजे तक 50% कर्मचारियों के साथ। | सामान्य समय से 100% उपस्थिति |
| निर्माण कार्य | मजदूरों के ठहरने का इंतजाम मौके पर जरूरी | कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए काम |
| भोजनालय | टेक होम डिलिवरी सुविधा | क्षमता के 50% की उपस्थिति के साथ |
| होटल, रिसॉर्ट | केवल गेस्ट को अनुमति। | बैठने की क्षमता की 50% की उपस्थिति |

### एडवाइजरी के मुताबिक कलेक्टर लेंगे निर्णय

**गृह विभाग** की एडवाइजरी के तहत जिले के कलेक्टर निर्णय लेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा, अधिक से अधिक टेस्टिंग कर हर मरीज की पहचान करनी है। ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में संक्रमण अनुसार रेड, ग्रीन व यलो जोन बनाए जाएं। उसी के हिसाब से प्रतिबंध लागू हों। दो या चार घरों पर भी माइक्रो कंटेनमेंट जोन बनाए जा सकते हैं।

### 1640 नए केस, 4995 ठीक हुए

**भोपाल@पत्रिका.** प्रदेश में कोरोना के मामले लगातार घट रहे हैं। बीते 24 घंटे में कोरोना के 1640 नए मरीज मिले। 4995 मरीज स्वस्थ भी हुए। अब 30 हजार 899 एक्टिव मरीज हैं। इसके साथ ही 68 मौतें भी दर्ज की गईं। शनिवार को संक्रमण दर 2.2 प्रतिशत रही। वहीं, सात दिन की पॉजिटिविटी रेट 3.2 प्रतिशत है।

पत्रिका
30-5-2021

**जिले के कोविड-19 प्रभारी मंत्री की मौजूदगी में कलेक्टर कार्यालय में हुई क्राइसिस मैनेजमेंट की बैठक**

# 53 दिन बाद 1 जून से शुरू होगी अनलॉक की प्रक्रिया



समझदारी का सन्नाटा



लापरवाही की भीड़

जीतेगा रतलाम

गाइड लाइन के प्रकाश में निर्णय लिए जाएं। ब्लैक फंगस और बच्चों के उपचार की भी पुख्ता व्यवस्था हो। सांसद सुधीर गुप्ता व जावरा विधायक डॉ राजेंद्र पांडे ने जावरा चिकित्सालय में जिला स्तरीय सुविधाएं मुहैया कराने की बात कही। विधायक चेतन्य काश्यप ने

जिले में कोरोना संक्रमण की रफ्तार काफी तेज हो गई थी। मरीजों की संख्या लगभग 400 प्रतिदिन के पास पहुंच गई थी लेकिन नए कलेक्टर की की कमान संभालने के बाद बेहतर प्लानिंग और टीम वर्क के माध्यम से इस संख्या को लगातार कम किया गया और अब 29 दिनों में

कुमार पुरुषोत्तम के रतलाम की कमान संभालने के बाद से बीते कुछ दिनों में आंकड़ों में कमी आना शुरू हुई थी और अब यह शून्य पर पहुंच गई है जो कि राहत की बात है।

## आईसीयू से एचडीयू

एचडीयू वार्ड सहित अन्य वार्डों में 38 बेड खाली पड़े हैं।

## 186718 को लगे कोविड-19 टीके

रतलाम जिले में अब तक 186718 कोविड-19 के डोज

## इनमें मिली छूट

- किराना दुकानें स्टैंड अलोन खुली रह सकेगी, माल्स से सिर्फ होम डिलीवरी हो सकेगी, आटा

# प्लानिंग की कमीः दो बत्ती चौराहा पर सड़क खोद दी पर अनलॉक और मानसून को भूले, बढ़ेगी दिक्कत



**रतलाम** | अब दो बत्ती से काला घोड़ा चौराहा तक की सड़क भी फोरलेन बनाई जा रही है। दो बत्ती से कालाघोड़ा चौराहा तक ज्योति होटल की तरफ की एक लेन खोद दी है। बारिश में डाट की पुल से आने वाले पानी से दो बत्ती चौराहा जलमग्न हो जाता है। यही नहीं न्यू रोड पर भी पानी भर जाता है। ऐसे में पहले पानी की निकासी की व्यवस्था का प्लान बनाया जाना था। 1 जून से अनलॉक की घोषणा से आवाजाही बढ़ेगी। ऐसे में न हादसे का डर बना हुआ है। तेज बारिश में यहां कीचड़ और फिसलन से वाहन चालकों और राहगीरों का पाला पड़ेगा।

3-5-21

3-5-2021

# रातोरात का काट दिया बरगद का पेड़...



कोरोना काल में आक्सीजन की कमी से कई लोग असमय काल का ग्रास बन चुके है।

# निगम कर्मचारियों का किया स्वागत



अब्दुल राशिद व दशरथ डामोर का स्वागत करते रहवासी। ● नईदुनिया 30-5-21

रतलाम। वार्ड क्रमांक-42 के कलाईगर रोड, हटीराम दरवाजा, इमली गली, नाइयों की गली, मोहन टाकीज, भोयरा बावड़ी, सिंधी गली, रामदेव जी की घाटी, थावरिया बाजार, बागड़ों का वास, कोठारी वास, शीतला माता, पिंजारवाड़ी क्षेत्र में सैनिटाइजेशन करवाया गया। ननि कर्मचारी अब्दुल राशिद, ट्रैक्टर चालक दशरथ डामोर ने क्षेत्र को सैनिटाइज किया। अनवट भैरव सेवा समिति ने स्वागत कर धन्यवाद दिया। समिति के रवि पंवार, मनजीतसिंह, कैलाशचंद शर्मा, शैलेंद्र कृपलानी, त्रिलोक मेहता, भरत डबरनी, कान्हा, कार्तिक आदि ने सहयोग किया। चेतनसिंह और मोहनलाल चौपड़ा ने नगर निगम कर्मचारियों का फूलमाला से स्वागत किया। आभार अमित सिंह ने माना।

नई दुनिया 30-5-2021

# सेनेटाइज़ेशन करने पर निगम कर्मचारियों पर सम्मान



रतलाम । कोरोना वायरस ( कोविड-19 ) के संक्रमण के फैलाव को रोकने हेतु नगर निगम द्वारा वार्ड क्रमांक 42 में सेनेटाईजेशन किये जाने पर अनवट भैरव सेवा समिति मोहन टॉकिज के पदाधिकारियों द्वारा निगम कर्मचारियों का सम्मान किया।

29 मई को वार्ड 42 के क्षेत्र कलाईगर रोड, हाटीराम दरवाजा,इमली गली, नाइयों की गली, मोहन टॉकीज, भोयरा बावड़ी, सिंधी गली,रामदेव जी की घाटी, थावरिया बाजार, बागड़ो का वास, कोठारी वास, सीतला माता , पिंजार वाड़ी में सेनेटाईजेशन किये जाने पर नगर निगम कर्मचारी अब्दुल राशिद, ट्रैक्टर चालक दशरथ डामोर का अनवट भैरव सेवा समिति ( मोहन टाकीज) के पदाधिकारी चेतनसिंह पंवार और मोहनलाल चोपड़ा, रवि पंवार,मंजीतसिंह, कैलाशचंद शर्मा, शैलेंद्र कृपलानी, त्रिलोक मेहता, कान्हा, कार्तिक आदि ने पुष्पमाला पहनाकर सम्मान किया।

# नईदुनिया

इंदौर, रविवार 30 मई, 2021

सूर्यास्त | सूर्योदय
रविवार 7.12 | 5.43 सोमवार


## न्यूज गैलरी

### नगर निगम कर्मचारी ने भेजे आपत्तिजनक मैसेज, केस

रतलाम। महिला कर्मचारी को नगर निगम के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी आरोपित हितेश रानवे द्वारा आपत्तिजनक मैसेज भेजने, काल करने व पीछा कर परेशान करने का मामला सामने आया है। महिला कर्मचारी ने पुलिस में शिकायत की है कि आरोपित उन्हें फोन पर आपत्तिजनक मैसेज भेजे व काल कर परेशान किया। मना करने के बाद भी वह नहीं माना और मैसेज करता रहा। दो दिन पहले राम मंदिर व कस्तूरबानगर क्षेत्र में उसने पीछा किया और रोककर अभद्र व्यवहार किया। क्षेत्र में भ्रमण कर रहे कुछ अधिकारियों ने बीच-बचाव कर उन्हें सुरक्षित घर ले जाकर छोड़ा। औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने हितेश रानवे के खिलाफ केस दर्ज किया है।

नईदुनिया

30-5-2021

समझाने पर रास्ता रोक कर बदतमीजी की

# उपयंत्री को किए भद्दे मैसेज

# निगम के कर्मचारी पर केस

**1 जून से अनलॉक** • 7 जून तक रहेगी नई गाइडलाइन, उसके बाद बढ़ेगा अनलॉक का दायरा

# 7 दिन के लिए 7 छूट

# किराना दुकानें खुलेंगी, सब्जी-फल बिकेंगे, शादियां भी होंगी

**01 जून से बिना ई पास के आ-जा सकेंगे शहरवासी**

### 06 जून को अगली रियायतें तय करेंगे

भास्कर संवाददाता | रतलाम

53 दिन के लॉकडाउन के बाद जिला पहली जून से अनलॉक होने लगेगा। शुरुआत में सात दिन यानी 1 से 7 जून तक के लिए सात छूट दी गई है। इसमें गली-मोहल्लों की किराना दुकानें, आटा चक्की व मेडिकल स्टोर पूरे समय खुल सकेंगे। सब्जी और फल ठेलागाड़ी पर बिकेंगे। शादियां भी होंगी लेकिन सिर्फ 20 लोगों की मौजूदगी में। ऑटो रिक्शा, चार पहिया वाहन चलेंगे। अंतिम संस्कार 10 लोगों की मौजूद में होगा। अभी ये छूट सिर्फ 7 जून तक के लिए है। उसके बाद छूट का दायरा बढ़ सकता है परंतु कोविड-19 की स्थिति को देखते हुए। 6 जून को जिला क्राइसिस कमेटी के सदस्य बैठकर आगे क्या-क्या अनलॉक करना है उस पर फैसला लेंगे। शहरवासियों के लिए राहत वाली बात यह है कि दस दिन पहले 22 मई से लागू की गई ई-पास व्यवस्था 31 मई को खत्म हो जाएगी।

ये फैसले शनिवार शाम वित्त मंत्री तथा जिला कोविड प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा की अध्यक्षता में हुई जिला क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटी की मीटिंग में सरकार की गाइड लाइन के अनुसार लिए गए। शहर विधायक चेतन्य काश्यप, जावरा विधायक डॉ. राजेंद्र पांडे, ग्रामीण विधायक दिलीप मकवाना, राजेंद्र सिंह लुनेरा, गोविंद काकानी, नीरेंद्र पाटीदार, महेंद्र कटारिया प्रत्यक्ष, तो सांसद सुधीर गुप्ता और गुमान सिंह डामोर वर्चुअली शामिल हुए। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने हॉट स्पॉट, पॉजिटिव मरीज सहित अन्य के संबंध में जानकारी दी। एसपी गौरव तिवारी, सीईओ जिला पंचायत मीनाक्षी सिंह, अपर कलेक्टर जमुना भिड़े मौजूद रही।

## राहत लेकिन कोरोना गाइडलाइन का पालन करना होगा

1. **किराना** - गली-मोहल्लों की दुकानें खुलेंगी। मॉल से होम डिलीवरी होगी।
2. **आटा चक्की व मेडिकल** स्टोर- पूरे दिन खुले रख सकेंगे। कोरोना गाइडलाइन का पालन करना होगा।
3. **सब्जी और फल** - ठेलागाड़ी पर घूमते हुए गली व कॉलोनी में बिक्री की जा सकेगी।
4. **ऑटो रिक्शा** - सिर्फ दो सवारी बैठाकर चलाना होगी, इससे ज्यादा नहीं।
5. **चार पहिया** - ड्राइवर के अलावा दो और सवारी बैठ सकेगी।
6. **विवाह** - वर-वधु पक्ष मिलाकर अधिकतम 20 लोगों की उपस्थित में हो सकेगा।
7. **अंतिम संस्कार** - ज्यादा से ज्यादा 10 लोगों को इजाजत रहेगी।

**लग्नसरा को देखते हुए शर्तों के साथ बाजार खोलें-** आगामी लग्नसरा को देखते हुए सराफा सहित अन्य बाजार खोले जाना चाहिए। भले ही छूट समय सीमा या अन्य शर्तों के साथ दी जाए। यह सुझाव देते हुए शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र कटारिया ने बताया दो माह से लॉकडाउन में व्यापारियों का काफी नुकसान हो चुका है। लग्नसरा भी कुछ ही दिन रहेगी, उसके बाद बारिश का मौसम शुरू हो जाएगा, इसलिए छूट देना चाहिए। वित्त मंत्री देवड़ा ने 7 जून से दायरा बढ़ाने का भरोसा दिलाया।

**कंटेनमेंट जोन और पांच प्रतिशत से अधिक पॉजिटिविटी रेट वाले इलाकों में लागू नहीं होगी छूट -** जिले के 5 प्रतिशत से अधिक संक्रमण दर वाले इलाके, कंटेनमेंट जोन में ये छूट लागू नहीं रहेगी। इतना ही नहीं जिले में किसी भी स्थिति में 6 से अधिक लोग इकट्ठा नहीं हो सकेंगे। रियायत की मौजूदा व्यवस्था की निगरानी के लिए जिला प्रशासन ने दल और अमले का गठन किया है ताकि कोरोना गाइडलाइन का पालन करवाया जा सके। 6 जून को अगली रियायतें तय की जाएंगी।

**घर में व्यवस्था नहीं तो मरीजों को सीसीसी में रखा जाए - काश्यप-** विधायक चेतन्य काश्यप ने सुझाव दिया कि जिन कोरोना मरीजों के घर में पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। उनको कोविड केअर सेंटर (सीसीसी) में ही रखा जाए। मेडिकल कॉलेज में बच्चों की चिकित्सा के लिए बेड से कुछ नहीं होगा। सरकार से बात कर आवश्यक उपकरण की व्यवस्था भी की जाए। विधायक डॉ. पांडे ने जावरा चिकित्सालय में जिला स्तरीय सुविधाएं मुहैया कराने की बात कही। विधायक दिलीप मकवाना ने ग्रामीण क्षेत्रों में कांटेक्ट ट्रेसिंग पर जोर दिया।

# मंडियां बंद रहेंगी, मोहल्लों में किराना दुकानें खुलेंगी

## जिला क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटी की बैठक, पांच से ज्यादा मरीज वाले गांव में कोई छूट नहीं

**रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)।** शनिवार को जिला क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटी की बैठक में जिले में अनलाक की रूपरेखा तय की गई। सात जून तक के अनलाक में अभी जरूरी चीजों से जुड़ी गतिविधियों को ही छूट दी गई है। जिले के कोविड-19 प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा की अध्यक्षता में हुई बैठक में राज्य शासन द्वारा जारी गाइड लाइन के बिंदुओं पर चर्चा कर निर्णय किए गए। राज्य शासन ने पांच प्रतिशत से अधिक व इससे कम संक्रमण दर के आधार पर अलग-अलग दिशा निर्देश दिए हैं। अनलाक का विस्तृत आदेश 31 मई को जारी होगा।

बैठक में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने कोरोना नियंत्रण की वर्तमान स्थिति की जानकारी दी। प्रभारी मंत्री देवड़ा ने निर्देश दिए कि जिले के जिन हाटस्पाट क्षेत्रों में ज्यादा मरीज हैं, वहां के लिए विशेष रणनीति बनाकर कार्य किया जाए, ताकि संक्रमण का विस्तार नहीं हो। सांसद गुमानसिंह डामोर ने कहा कि चरणबद्ध रूप से अनलाक किया जाना चाहिए। साथ ही ब्लैक फंगस के उपचार की पुख्ता व्यवस्था हो। सांसद सुधीर गुप्ता ने कहा कि अनलाक के संबंध में परिस्थिति अनुसार निर्णय व अनुशासित ढंग से गतिविधियां आयोजित की जाना चाहिए।

विधायक डा. राजेंद्र पांडे ने कहा कि ज्यादा संक्रमण वाले क्षेत्रों की समीक्षा कराई जाए। विधायक चेतन्य काश्यप ने कहा कि जिन कोरोना मरीजों के घर में पर्याप्त व्यवस्था नहीं है, उनको सीसीसी में रखा जाना चाहिए। मेडिकल कालेज में बच्चों की चिकित्सा व्यवस्था में मात्र बेड उपलब्धता ही पर्याप्त नहीं होती है बल्कि अन्य आवश्यक उपकरणों की व्यवस्था भी की जानी चाहिए। इस संबंध में राज्य शासन से चर्चा की जाए। विधायक दिलीप मकवाना ने ग्रामीण क्षेत्रों में कांटेक्ट ट्रेसिंग पर जोर दिया। राजेंद्रसिंह लुनेरा, गोविंद काकानी, महेंद्र कटारिया ने भी सुझाव दिए। बैठक में एसपी गौरव तिवारी, सीईओ जिला पंचायत मीनाक्षीसिंह आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

**सात जून तक ये रहेगी छूट : आटा चक्की खुली रहेगी**

- शहर में किराने की स्टैंड अलोन (बाजार से हटकर मोहल्लों में स्थित दुकानें) खुली रखी जा सकेंगी।
- मार्ट से होम डिलीवरी हो सकेगी। आटा चक्की खुली रहेगी।
- दवाई की दुकान पूरे समय खुल सकेगी।
- मंडिया बंद रहेंगी, लेकिन सब्जी तथा फल की बिक्री फेरी लगाकर की जा सकेगी।
- आटोरिक्शा में दो व चार पहिया वाहन में ड्राइवर के अलावा दो सवारी बैठ सकेगी।
- वैवाहिक समारोह में दोनों पक्षों के मात्र 10-10 व्यक्ति पूर्व अनुमति लेकर सम्मिलित हो सकेंगे। इनके नाम भी नोट कराना पड़ेंगे।
- अंतिम संस्कार में 10 व्यक्ति सम्मिलित हो सकेंगे।
- ई पास व्यवस्था 31 मई के बाद लागू नहीं रहेगी।
- कंटेनमेंट क्षेत्रों में यह छूट नहीं रहेगी। जहां छूट है वहां भी किसी भी स्थिति में छह से अधिक लोग जमा नहीं हो सकेंगे।

**गांवों को तीन जोन में बांटा:** शासन ने गाइड-लाइन जारी कर ग्रामीण क्षेत्रों को रेड, ग्रीन व यलो जोन की व्यवस्था तय की है। कलेक्टर ने बताया कि पांच या उससे अधिक मरीज वाले गांवों में कोई गतिविधि नहीं होगी। अभी जिले में माल, सिनेमाघर, पिकनिक स्पाट बंद रहेंगे।




जिला क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटी की बैठक में चर्चा करते हुए जनप्रतिनिधि और अधिकारी। • नईदुनिया

## सीएम के निर्देश

# ब्लैक फंगस के उपचार के लिए बिस्तर बढ़ाएं



**भोपाल.** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश के 49 जिलों की साप्ताहिक पॉजिटिविटी रेट 5 प्रतिशत से कम है। अब प्रदेश में ब्लैक फंगस के उपचार के लिए बेड्स बढ़ाए जाएं। एंम्फोटेरिसिन-बी इंजेक्शन की उपलब्धता बनी रहे। हवाई मार्ग से इंजेक्शन नियमित रूप से मंगाए जाएं। शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कोरोना की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने यह निर्देश दिए। अफसरों ने उन्हें बताया कि वर्तमान में 3044 मरीज आइसीयू व 3584 मरीज ऑक्सीजन बेड्स पर हैं। शनिवार को ब्लैक फंगस के 2300 इंजेक्शन आए। रविवार को 3850 इंजेक्शन और मिलेंगे। इसके अलावा 12 हजार टेबलेट भी आई हैं, अभी तक प्रदेश को 13514 एम्फोटेरिसिन-बी इंजेक्शन प्राप्त हुए हैं।

पत्रिका 30-5-21

# 199 अनाथ बच्चों को आज पेंशन देंगे मुख्यमंत्री

भोपाल (ब्यूरो)। मुख्यमंत्री कोविड-19 बाल कल्याण योजना की शुरुआत करते हुए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान रविवार को 199 अनाथ बच्चों को वर्चुअल कार्यक्रम में पांच-पांच हजार रुपये की पेंशन देंगे। प्रदेश में कोरोना की वजह से कुछ बच्चों के सिर से माता-पिता का साया छिन गया है। ऐसे बच्चों की तत्काल सहायता के लिए प्रदेश में मुख्यमंत्री कोविड-19 बाल कल्याण योजना 21 मई से लागू की गई है। योजना के तहत एक मार्च से 30 जून 2021 के बीच किसी भी कारण से माता-पिता या अभिभावक की मौत होने पर बच्चों को लाभ मिलेगा। इस योजना में ऐसे बच्चों को निशुल्क राशन और पहली से स्नातक तक की पढ़ाई कराने की व्यवस्था है।

नई दुनिया 30-5-2021

# ब्लैक फंगस की ओपीडी में हर दिन आ रहे संदिग्ध



**रतलाम.** जिले में कोरोना संक्रमण की रफ्तार तो कम हुई है लेकिन अब ब्लैक फंगस के मरीज सामने आने लगे हैं। शहर सहित ग्रामीण अंचलों से कई लोग लक्षण नजर आने पर अब फिर से मेडिकल कॉलेज पहुंच रहे हैं। दरअसल मेडिकल कॉलेज में स्थित फीवर क्लीनिक में ही ब्लैक फंगस की जांच के लिए ओपीडी बनाई है। हर दिन कुछ संदिग्ध मरीज पहुंचकर परामर्श ले रहे हैं। हालांकि अब तक सामने आए संदिग्ध में किसी में भी इस बीमारी की पुष्टि नहीं हुई है जो कि राहत की बात है।

इसके अतिरिक्त कुछ संदिग्ध ऐसे भी हैं जो कि निजी अस्पताल और डॉक्टर के क्लीनिक पर पहुंचकर उनसे सलाह ले रहे हैं। जांच में ब्लैक फंगस की पुष्टि होने पर वह लोग उपचार के लिए इंदौर और गुजरात के अस्पतालों में भर्ती हुए हैं। इनमें कुछ मरीजों का ऑपरेशन भी हुआ है। हालांकि रतलाम में राहत की बात यह है कि मेडिकल कॉलेज में दवा और इंजेक्शन की पूरी उपलब्धता है जो कि फिलहाल की स्थिति के लिए काफी है।

## राहत : 74 दिन बाद 26 पॉजिटिव

# चिंता : ब्लैक फंगस के दो संदिग्ध मामले मिले

भास्कर संवाददाता | रतलाम

हालांकि, अब नई मुसीबत तैयार है... ब्लैक फंगस। इसके शनिवार को जिले में दो संदिग्ध मामले सामने आए है, वहीं, एक अन्य मामले में दो रिपोर्ट आना है एक रिपोर्ट में पुष्टि हुई है। एक रिपोर्ट अभी बाकी है।

जिले में कोरोना केस लगातार कम हो रहे हैं। शनिवार को सिर्फ 26 पॉजिटिव ही सामने आए। ऐसा 74 दिन बाद हुआ है। इससे पहले 17 मार्च को 29 पॉजिटिव केस सामने आए थे।

एपेडेमियोलॉजिस्ट डॉ. गौरव बोरिवाल ने बताया एक मामले में ब्लैक फंगस की पुष्टि हुई है। दो रिपोर्ट आना है, अभी एक रिपोर्ट मिली है जिसमें पुष्टि हुई है। दो संदिग्ध मामले भी सामने आए है।

### 47 दिन बाद एक्टिव केस 999 पर

इधर, जिले में शनिवार को एक्टिव केस का आंकड़ा भी 1000 से कम हो गया। 71 मरीजों को डिस्चार्ज किया गया। एक्टिव केस का आंकड़ा 47 दिन बाद 999 पर आया है। 13 अप्रैल के बाद से लगातार एक्टिव केस 1 हजार से ज्यादा थे, 14 मई को यह आंकड़ा 3700 के पार पहुंच गया था।

दै. भास्कर

# होम आईसोलेशन मरीजों को मेडिसिन किट का वितरण

रतलाम। कोविड-19 संक्रमण में होम आईसोलेशन के मरीजो को मेडिसिन किट व स्वास्थ्य विभाग के निर्देशों की प्रति की होम डिलेवरी किये जाने हेतु निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा वार्ड वार गठित दलो द्वारा मरीजो के घर जाकर मेडिकल किट प्रदान की।

ई-दक्ष केन्द रतलाम से होम आईसोलेशन के मरीजो की सूची स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह ने प्राप्त कर जिला अस्पताल के स्टोर से 24 मेडिसिन किट प्राप्त कर निगम के अग्निशमन विभाग में उपलब्ध कराई जिन्हें अग्निशमन विभाग से वार्ड वार गठित दलो वितरण हेतु उपलब्ध कराई गई।वार्ड वार गठित दलो द्वारा होम आईसोलेशन के मरीजो के घर-घर जाकर मेडिकल किट का वितरण किया गया जिसके तहत सूची अनुसार 22 मरीजो को मेडिकल किट का वितरण घर पर किया गया। 1 मरीज नगरीय सीमा क्षेत्र के बाहर से होना पाया गया व 2मरीजो को पूर्व से ही मेडिसिन किट प्राप्त होना पाया गया तथा 1 मरीज का कान्टेक्ट नम्बर व पैता गलत पाया गया। इसके अलावा 37 मेडिसीन किट मरीज के परिजनों को प्रदान की गई।

# अभियान के तहत 8 स्थानों पर कोविड सहायता केन्द्र का संचालन



रतलाम। शासन निर्देशानुसार कोविड-19 के परिदृश्य को दृष्टिगत रखते हुए 'किल कोरोना-4' अभियान के तहत रतलाम नगर निगम सीमा क्षेत्र में 8 स्थानों पर कोविड सहायता केन्द का संचालन किया गया है जिसमें नगर निगम अधिकारी/कर्मचारी, मेडिकल ऑफिसर, आंगनवाड़ी सुपरवाईजर, स्टॉफ नर्स, एएनएम, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की नियुक्ति की गई है।

कलेक्टर एवं प्रशासक कुमार पुरूषोत्तम द्वारा किल कोरोना 4 के तहत सघन सर्वे हेतु स्वास्थ्य विभाग के साथ महिला एवं बाल विकास, नगर निगम, राजस्व व शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों के दलो का गठन किया गया है जो बुखार तथा बुखार के साथ कोई अन्य लक्षण जैसे की बुखार के साथ सर्दी-खाँसी, सांस लेने में तकलीफ, गले में खराश, कमजोरी, चक्कर, दस्त, गंध अथवा स्वाद कम होने वाले मरीजों का घर-घर जाकर सर्वे करेंगे। 'किल कोरोना-4' अभियान के तहत वार्ड क्रमांक 33, 34, 35, 36 व 31 हेतु टीआईटी रोड डिस्पेंसरी, वार्ड क्रमांक 30, 31 व 32 हेतु जावरा रोड प्राथमिक स्कूल डी मार्ट रोड, वार्ड क्रमांक 27, 28 व 29 हेतु दिलीप नगर डिस्पेंसरी, वार्ड क्रमांक 20, 21, 22, 23, 24, 25, 44 व 45 हेतु मोती नगर प्राथमिक स्कूल, वार्ड क्रमांक 26, 37, 38, 39, 40, 41, 42 व 43 हेतु हाकिम वाड़ा डिस्पेंसरी, वार्ड क्रमांक 15, 16, 17, 18, 19, 46, 47, 48 व 49 हेतु सुभाष नगर कम्युनिटी हॉल, वार्ड क्रमांक 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7 व 8 अर्बन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द गणेश नगर व वार्ड क्रमांक 9, 10, 11, 12, 13 व 14 हेतु रेडक्रास भवन बिरियाखेड़ी मेन रोड पर कोविड सहायता केन्द का संचालन किया गया है। उक्त केन्द्रो पर नियुक्त नगर निगम अधिकारी एवं कर्मचारियों हेतु निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने कार्यपालन यंत्री जी.के. जायसवाल को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। इसके अलावा कोविड सहायता केन्द पर नियुक्त मेडिकल ऑफिसर, आंगनवाड़ी सुपरवाईजर, स्टॉफ नर्स, एएनएम, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता हेतु श्री नईम मोहम्मद खान प्रभारी ए.पी.एम. मो0नं0 9685330094 व श्री लोकेश वैष्णव प्रभारी बी.ई.ई. मो0 नं0 7999606919 को नोडल अधिकारी बनाया गया है। किसी भी प्रकार बुखार तथा बुखार के साथ कोई अन्य लक्षण जैसे की बुखार के साथ सर्दी-खाँसी, सांस लेने में तकलीफ, गले में खराश, कमजोरी, चक्कर, दस्त, गंध अथवा स्वाद कम होने पर नागरिक अपने नजदीकी कोविड सहायता केन्द पर संपर्क करें।

इन्दौर समाचार

30-5-2021

(2)

# मेडिकल कॉलेज में 381 बेड खाली, 19 लोग ठीक हुए

भास्कर संवाददाता | रतलाम

मेडिकल कॉलेज में बेड की उपलब्धता अब लगातार सुधर रही है। शनिवार को यहां 381 बेड खाली थे। कॉलेज से 19 लोग ठीक होकर घर पहुंचे, 14 नए लोगों को भर्ती किया गया।

मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि कॉलेज में कुल 550 बेड हैं, इसमें से 381 बेड अभी खाली हैं। आईसीयू में 56 बेड हैं जिनमें 42 पर मरीज भर्ती हैं। वहीं एचडीयू में 172 बेड हैं जिनमें 64 पर मरीजों का इलाज हो रहा है। ऑक्सीजन बेड 180 है, इसमें 60 पर मरीज हैं। नॉन ऑक्सीजन बेड 142 हैं जिनमें से 3 बेड पर मरीजों को भर्ती किया गया है। कॉलेज में कुल 169 बेड पर मरीज भर्ती हैं, इनमें 143 पॉजिटिव हैं। अभी 312 रेमडेसिविर इंजेक्शन का स्टॉक बचा है। जिले में अब धीरे-धीरे संक्रमण की स्थिति में सुधार आ रहा है।

दै. भास्कर
30-5-2021

# जिले में अब तक 1 लाख 86हजार 718 को कोविड-19 के टीके लगाए गए

रतलाम। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला रतलाम ने बताया कि रतलाम जिले में रविवार 30 मई को अवकाश होने के कारण कोविड-19 संबंधी टीकाकरण नहीं किया जाएगा। 18 से 44 वर्ष आयु समूह के लिए सोमवार 31 मई को आयोजित होने वाले टीकाकरण के लिए 30 मई रविवार को प्रात: 10 बजे से 10 के मध्य केवल रतलाम शहर के लोगों के लिए साइट खुलेगी । 18 से 44 वर्ष आयु समूह के लोग साइट पर प्रि स्लॉट बुकिंग करवा सकेंगे। रतलाम जिले में अब तक 186718 कोविड-19 के डो? लगाए जा चुके हैं जिसमें से कुल 18611 लोग दूसरा टीका लगवा चुके हैं। रतलाम जिले में 29 मई शनिवार को कुल 3702 लोगों का टीकाकरण किया गया। रतलाम शहर में 1552 जावरा ब्लॉक में 620 रतलाम ग्रामीण में 574 पिपलोदा ब्लॉक में 342 सैलाना ब्लॉक में 229 बाजना ब्लॉक में 203 और आलोट ब्लॉक में 182 लोगों का टीकाकरण किया गया।

# मेडिकल कॉलेज़ से शनिवार को 19 डिस्चार्ज

रतलाम। मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल रतलाम से स्वस्थ होकर शनिवार को 19 व्यक्ति अपने घर लौटे । डिस्चार्ज होते समय इन लोगों ने कोविड के नियमों का पालन करने तथा अपने परिजनों को भी सभी नियमों का पालन कराने का संकल्प लिया। डिस्चार्ज हुए लोगों ने मेडिकल कॉलेज की व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए यहां के स्टाफ को धन्यवाद दिया। मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि आज मेडिकल कॉलेज में 14 नए मरीज भर्ती हुए। मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में कुल बिस्तरों की संख्या 550, आईसीयू बेड 56 में से 42 पर पेशेंट हैं। एचडीयू में 172 बैड में 64 पर पेशेंट हैं। ऑक्सीजन बेड 180 में 60 पर पेशेंट हैं। नॉन ऑक्सीजन बैड 142 में से 03 पर पेशेंट भर्ती हैं। कुल 169 पेशेंट हॉस्पिटल में भर्ती है इनमें 143 पॉजीटिव हैं तथा शेष सस्पेक्टेड या ऑक्सीजन लेवल वाले हैं। हॉस्पिटल में रिक्त बेड 381 है। रेमडेसिविर की स्थिति अनुसार आज तक टोटल रिसीव्ड 7580, डिस्ट्रीब्यूटेड 1557, कन्ज्यूम्ड 5711, करंट स्टाक 312 है। उन्होंने बताया कि मरीजों एवं उनके परिजनों को सभी सुविधाएं प्रदान करने के लिए किए जा रहे प्रयासों में निरंतर

30-5-2021

अनलॉक तैयारी-01 दिन शेष

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com 30-5-21

**रतलाम.** प्रदेश के अन्य जिलों की तर्ज पर रतलाम में भी 53 दिनों बाद 1 जून से अनलॉक होने जा रहा है। इसकी प्रक्रिया शुरू हो गई है लेकिन शुरुआती दौर में सिर्फ चुनिंदा कामों के लिए ही छूट मिलेगी। 31 मई के बाद किसी भी व्यक्ति को ही पास की भी कोई आवश्यकता नहीं होगी। वहीं गली मोहल्ले और कॉलोनियों की किराना दुकाने खुलने के साथ ही सब्जी के ठेले भी मोहल्लों में घूम सकेंगे लेकिन मंडिया नहीं लगेगी और न ही बड़े मार्ट खुलेंगे। उक्त निर्णय 1 जून से लागू होकर 7 जून तक लागू रहेंगे। इसके पश्चात जिला क्राइसिसस मैनेजमेंट कमेटी बैठक में आगे की रणनीति तय की जाएगी।

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने जिले में कोरोना नियंत्रण की वर्तमान स्थिति की जानकारी दी गई। प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा ने निर्देश दिए कि जिले के जिन हॉटस्पॉट क्षेत्रों में ज्यादा मरीज आए हैं, उन क्षेत्रों के लिए विशेष रणनीति बनाकर कार्य किया जाए ताकि संक्रमण का विस्तार नहीं हो। सांसद गुमानसिंह डामोर ने कहा कि शासन द्वारा जारी कहा कि मेडिकल कॉलेज में बच्चों की चिकित्सा व्यवस्था के संबंध में इस बात पर जोर दिया कि मात्र बेड उपलब्धता ही पर्याप्त नहीं होती है बल्कि अन्य आवश्यक उपकरणों की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जानी चाहिए। इस संबंध में राज्य शासन से चर्चा की जाए। विधायक दिलीप मकवाना ने ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि गतिविधियों के लिए युक्तियुक्त ढंग से सुविधा देने की बात कही।

## 400 के करीब 38 पर पहुंचा आंकड़ा

मई माह में ही शुरुआती दिनों में ... ही आंकड़ा महज 38 मरीज की संख्या पर पहुंच गया है जो कि एक बड़ी उपलब्धि है।

## बीते 48 घंटों में एक भी मौत नहीं

राहत की बात यह है कि रतलाम जिले में बीते 48 घंटों के दौरान कोरोना से एक भी मौत नहीं हुई है जबकि बीते 2 माह से हर दिन 4 से 5 मौतें हो रही थी। इतना ही नहीं कई संदिग्ध भी दम तोड़ रहे थे जिसके चलते मुक्तिधाम में शव जलाने तक की जगह नहीं बची थी। नए कलेक्टर ...

## ... तक में बेड खाली

जिले में कोरोना की रफ्तार कम होने के बाद अब मेडिकल कॉलेज में भी बेड खाली होने लगे हैं। पहले स्थिति यह थी कि अस्पताल के सभी 550 बेड मरीजों से भरे हुए थे, जगह कम पड़ने पर 60 बेड और बढ़ाए गए थे। उसके बाद भी मरीजों को यहां भर्ती होने के लिए गेट पर ही 3 से 4 घंटे तक इंतजार करके गुहार लगानी पड़ती थी लेकिन वर्तमान में हालात पूरी तरह से बदल चुके हैं और अब मेडिकल कॉलेज में आईसीयू से लेकर ...

... 18611 लोग दूसरा टीका लगवा चुके हैं। 29 मई को कुल 3702 लोगों का टीकाकरण किया गया। शहर में 1552 जावरा ब्लॉक में 620, रतलाम ग्रामीण में 574, पिपलोदा ब्लॉक में 342, सैलाना ब्लॉक में 229, बाजना ब्लॉक में 203 और आलोट ब्लॉक में 182 लोगों का टीकाकरण किया गया। बैठक में सांसद सुधीर गुप्ता, सांसद गुमानसिंह डामोर (वर्चुअली), राजेंद्रसिंह लुनेरा, गोविंद काकानी, वीरेंद्र पाटीदार, महेंद्र कटारिया, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, सीईओ जिला पंचायत मीनाक्षीसिंह, एडीएम जमुना भिड़े आदि अधिकारी उपस्थित थे।



## कांग्रेस ने भी उठाया मामला

क्राइसेस मैनेजमेंट कमेटी की बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र कटारिया ने मामला उठाया कि एक पखवाड़े में बारिश होना है, ऐसे में बर्तन से लेकर कपड़ा की ग्राहकी कमजोर होगी, इसलिए नमकीन सहित इस वर्ग को कारोबार खोलने की मंजूरी दी जाए।

... चक्की खुली रह सकेगी।

- दवाई की दुकान पूरे समय खुल सकेगी।
- सब्जी तथा फल की ठेला गाड़ी द्वारा घूमकर बिक्री की जा सकेगी।
- ऑटो रिक्शा में दो सवारी बैठ सकेगी, फोर व्हीलर में ड्राइवर के अलावा दो सवारी बैठ सकेगी।
- वैवाहिक समारोह में दोनों पक्षों के मात्र 10-10 व्यक्ति पूर्व अनुमति लेकर शामिल हो सकेंगे। अंतिम संस्कार में 10 व्यक्ति सम्मिलित हो सकेंगे।
- जहां 5 प्रतिशत से अधिक पॉजिटिव रेट है तथा जहां कन्टेमेंट क्षेत्र है, वहां छूट लागू नहीं रहेगी। जहां छूट है, वहां भी किसी भी स्थिति में 6 से अधिक लोग एकत्र नहीं हो सकेंगे।
- 31 मई के बाद ई पास की आवश्यकता नहीं होगी।

पत्रिका
30-5-2021

# सात मवेशी गोशाला भेजा

रतलाम। नगर निगम द्वारा स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़कर गोशालाओं में भेजा जा रहा है। अब तक 368 मवेशियों को जिले की गोशालाओं में भेजा जा चुका है। शनिवार को आबकारी चौराहा, डालूमोदी बाजार, नीलाईपुरा आदि क्षेत्रों से सात मवेशी पकड़े गए।

नई दुनिया।

30-5-2021।

# कोरोना संक्रमण के आंकड़े में निरंतर गिरावट, मृत्यु का आंकड़ा भी रुका

## कब दूर होगा सड़कों पर पसरा सन्नाटा, सभी ओर से मांग है 1 जून से खुले रतलाम

रतलाम ● शरद जोशी

जिले में कोरोना संक्रमण का सरकारी आंकड़ा निरंतर कम हो रहा है। शुक्रवार को 38 पॉजिटिव मरीज आएं, वहीं किसी भी मरीज की मृत्यु कोरोना संक्रमण से नहीं हुई। यह अच्छे संकेत है। इससे लगने लगा है कि सामान्य स्थिति होकर अब गाड़ी पटरी पर आने लगेगी। शासन जिन सात जिलों में तालाबंदी की स्थिति पर विचार कर रहा है उसमें रतलाम भी शामिल है जहां तालाबंदी का संबंध में सोमवार को विचार होगा। शेष 45 जिलों में तालाबंदी में राहत मिलने की संभावना है।

लगातार कई दिनों से तालाबंदी होने से लोगों में अब असंतोष उभरने लगा है। रोजमर्रा का धंधा करने वाले लोगों में बेरोजगारी बढ़ी है। मध्यम श्रेणी के लोग भी परेशान है और व्यापार-व्यवसाय भी चौपट हो गया है। हर कोई पूछता है कि तालाबंदी 1 जून के बाद खुलेगा को नहीं इसका जवाब किसी के पास नहीं है। हर कोई जिम्मेदार आदमी यही कहता है कि इस संबंध में शासन-प्रशासन द्वारा रविवार को निर्णय लिया जा सकता है। एकदम तो तालाबंदी खोलकर शासन रिस्क नहीं लेगा लेकिन कुछ घंटों की छूट मिल सकती है, ताकि 9 अप्रैल के बाद जारी तालाबंदी से लोगों को राहत मिल सके।



कब खुलेगा बाजार



कब दूर होगा सड़कों पर पसरा सन्नाटा।

### मुख्यमंत्री का कहना है सुझाव लें, लेकिन हमारे यहां नहीं है सुझाव की परम्परा

प्रशासन चाहकर भी खाद्यान्न सामग्री की कालाबाजारी, औषधियों के मनमाने दाम पर अंकुश नहीं लगा पाई है। भले ही हेल्पलाइन नंबर जारी किए हो। यदि बाजार में वस्तुएं आसानी से मिलने लगेंगी तो कालाबाजारी भी थमेगी और लोगों का असंतोष भी दूर होगा। आपदा प्रबंधन समिति की बैठक के पूर्व लोगों के सुझाव लिए जाना चाहिए ऐसा मुख्यमंत्रीजी ने कहा भी है, लेकिन सुझाव लेने की परम्परा हमारे यहां नहीं के बराबर है, जिसके मन में आए वह काम कर रहा है। अधिकारी, नेता समझते है हमसे कोई अकलबंद नहीं है। इसलिए सारे निर्णय जो हो रहे है उससे लोग कभी संतुष्ट नहीं हो सकते।

### तालाबंदी में सब तरफ है महंगाई

तालाबंदी के कारण खाने-पीने की वस्तुएं अत्यंत महंगी हो गई है। सब्जी डेढ़-दोगुने भाव में चोरी-छिपे बिक रही है। फलों की भी स्थिति यही है। रतलामवासियों के लिए सेंव और नमकीन उनकी दिनचर्या का मुख्य अंग है, लेकिन वह भी लोगों को नहीं मिल पा रहा है। चोरी छिपे यदि मिल भी जाए तो वह भी महंगे भाव में है। यही स्थिति मिठाइयों की है वह भी 500-600 रुपए किलो चोरी-छिपे बिक रही है।

### दवाइयों के भाव पर कोई अंकुश नहीं

दवाइयों के भाव का तो कोई बंधन नहीं है। सब्जी के भाव पर लोग तौल-मोल करते है, लेकिन दवाई ऐसी चीज है जिसका मोलभाव नहीं किया जा सकता। दवाइयां भी पता नहीं कितने भाव में बेची जा रही है। मेडिकल स्टोर पर बिकने वाली दवाइयों पर न शासन प्रतिबंध लगा सकता है और न प्रशासन। केवल जांच, इंजेक्शन, सीटी स्कैन जैसी महत्वपूर्ण जांच पर भी प्रशासन की निगाह है और उसके दर भी शासन ने निर्धारित कर रखे है, उसके बावजूद भी निर्धारित दर पर जांचें हो वह जरूरी नहीं है।

### मीडिया तक सीमित रही आपदा प्रबंधन समितियां

प्रशासन ने वार्ड स्तर पर आपदा प्रबंधन कमेटियां बनाई है, लेकिन यह कमेटियां कितनी कारगर साबित हुई है इसकी रिपोर्ट कहीं से कहीं तक जारी नहीं हुई और ना ही मीडिया तक पहुंची कि आपदा प्रबंधन समिति के सुझाव व उनसे पूछकर कोई निर्णय हुआ हो। किसी भी वार्ड में आपदा प्रबंधन की जिम्मेदारी या कार्य देखने में नहीं आया। केवल समितियां बनाने से कार्य की इतिश्री नहीं होती। विभिन्न विभागों की 25 सलाहकार समितियां ऐसी है जिनमें जन सलाहकार होते है, लेकिन यह समितियां वर्षों से खाली पड़ी हुई है जो अफसरों के भरोसे ही संचालित हो रही है।

30-5-2021

## बारिश की तैयारी : आयुक्त ने नालों की सफाई का जायजा लिया

# स्वास्थ्य अधिकारी से बोले-तेजी से और ठीक से करो, जल भराव हुआ तो तुम्हारी जिम्मेदारी

भास्कर संवाददाता | रतलाम

30-5-21

बारिश में नाले-नालियां उफनकर जलभराव की स्थिति न बने इसलिए नगर निगम नालों की सफाई करवा रही है। यूं तो काम कई दिनों से चल रहा है लेकिन बहुत सुस्त रफ्तार से हो रहा है। इसके लिए शनिवार को खुद कमिश्नर सोमनाथ झारिया को मैदान में उतरना पड़ा।

उन्होंने गोमदड़े की पुल, श्रीमाली वास दो मुंह की बावड़ी, लक्कड़पीठा, अहिंसा ग्राम के पीछे, बुद्धेश्वर रोड, गौशाला रोड और मुखर्जी नगर नाले को देखा। इस दौरान सफाई अच्छी नहीं होने पर स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह से बोले तेजी से और ठीक से काम करो। शहर में कहीं भी नालों की वजह से जलभराव की स्थिति बनी तो जिम्मेदारी तुम्हारी होगी। सारे नालों की सफाई बारिश से पहले पूरी हो जाना चाहिए। बता दें कि वर्तमान में सात नालों की सफाई एक साथ की जा रही है।

### आश्वासन दिया : जल्द शुरू होगा बोहरा बाखल के अधूरे नाले का काम



लक्कड़पीठा नाले की स्थिति देख रहवासियों से आयुक्त झारिया ने बात की।

लक्कड़पीठा नाले का निरीक्षण करते हुए आयुक्त बोहरा बाखल तक पहुंच गए। वहां से गुजर रहा नाले को अधूरा ही पक्का बनाया गया है। समाज के सलीम आरिफ और जौहर हुसैन सैफी ने कमिश्नर को बताया कि नाले का काम दो साल से अधूरा पड़ा है। सफाई भी नहीं होती। इस पर आयुक्त ने तुरंत सफाई करवाने के निर्देश दिए। साथ ही मौके पर खड़े रहकर काम शुरू करवाया। इसके अलावा जल्द ही अधूरा नाले का काम भी प्रारंभ करवाने के लिए कहा।

### कीटनाशक दवा का छिड़काव भी किया

स्वास्थ्य विभाग का अमला सफाई के बाद नालों और नालियों में अब कीटनाशक दवा का छिड़काव भी करेगा। साथ ही नालों से निकला मलबा भी हाथों-हाथ उठाएगा। इस संबंध में भी आयुक्त ने स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दे दिए हैं। इसके अलावा आयुक्त ने नालों के आसपास रहने वाले रहवासियों से भी बात की। इसमें उन्होंने कहा कि अस्थायी और स्थायी अतिक्रमण है तो हटा लें। सफाई में बाधक बनने पर निगम खुद हटाएगा और राशि वसूली जाएगी। उपायुक्त विकास सोलंकी, जीके जायसवाल, एमके जैन, एपी सिंह, विकास मरकाम आदि साथ रहे।

दै. भास्कर 30-5-2021

# सफाई कार्य का निगमायुक्त ने किया निरीक्षण, वर्षा पूर्व सभी नाले-नालियों सफाई करने के दिए निर्देश

रतलाम। नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा नगर के नालो-नालियों की कि जा रही सफाई कार्य का निरीक्षण निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने उपायुक्त विकास सोलंकी के साथ कर नगर के सभी नाले व नालियों की सफाई का कार्य वर्षा पूर्व पूर्ण करने के निर्देश संबंधितों को दिये।

निगम आयुक्त श्री झारिया प्रातः गोमदड़े की पुल, श्रीमालीवास दो मुंह की बावड़ी, लकड़पीठा, अहिंसा ग्राम के पीछे, बुद्धेश्वर रोड, गौशाला रोड व मुखर्जी नगर नाले की सफाई कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने निर्देशित किया कि शहर के किसी भी क्षेत्र मे वर्षा के पानी से जल भराव की स्थिति ना बने इस हेतु सभी नाले एवं नालियों की सफाई वर्षा पूर्व पूर्ण करना सुनिश्चित करें। इसके अलावा उन्होंने निर्देशित किया कि सफाई के दौरान निकलने मलबे एवं कचरे को ट्रेक्टर ट्रॉली के माध्यम से यथा समय उठवाया जाये व कीटनाशक दवा का छिड़काव अनिवार्य रूप से करवाया जाये। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि नागरिक द्वारा नाले-नालियों पर स्थाई व अस्थाई अतिक्रमण किया हो तो वे स्वंय हटा लें ताकि सफाई कार्य के दौरान किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न ना हो। अतिक्रमण नही हटाने पर निगम द्वारा अतिक्रमण हटाया जाकर संबंधित से राशि वसूल की जावेगी। निरीक्षण के दौरान निगम अधिकारी जीके जायसवाल, एमके जैन, एपी सिंह, विकास मरकाम, किरण

स्वर्ण भारत

स्वर्ण भारत
30-5-2021